## खबर संक्षेप

### आज जिला पशु चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

छिन्दवाड़ा। वर्ल्ड जुनोसिस-डे के उपलक्ष्य में जिला पशु चिकित्सालय छिंदवाड़ा में 6 जुलाई (सोमवार) को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा पशुपालकों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया जाएगा। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को शिविर में लाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराएं तथा आवश्यक औषधियां प्राप्त करें।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के शिविर का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले में वृत्त/जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन 06 जुलाई 2026 सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक प्रशासनिक भवन खजरी रोड छिन्दवाड़ा में किया गया है, जिसमें उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। फोरम शिविर में विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135, 138 एवं 161 के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

### एबीवीपी का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न, जिले की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई छिंदवाड़ा द्वारा कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, विद्यार्थी हित एवं राष्ट्र निर्माण में परिषद की भूमिका जैसे विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से सिवनी विभाग संगठन मंत्री श्री गौरव शुक्ला जी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को परिषद की संगठनात्मक रीति-नीति, कार्यशैली एवं कार्यकर्ता निर्माण के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा संगठन मंत्री श्री गौरव तिवारी जी, छिंदवाड़ा जिले के जिला संयोजक श्री पियूष श्रीवास जी एवं प्रांत सह मंत्री श्री मोहित देहरिया जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने संगठन विस्तार, परिसर कार्य, नेतृत्व विकास एवं विद्यार्थी हितों से जुड़े विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया ।

## वार्ड क्रमांक 34 में पिछले कई सालों से थमा विकास, बदहाल सड़कें बयां कर रही कहानी

# अव्यवस्थाः विकास के दावों की खुली पोल

## बारिश ने खोली नगर निगम की हकीकत, सतीजा पेट्रोल पंप के पीछे मंदिर तक जाने की सड़क बनी हादसों का केंद्र







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

शहर में मानसून की पहली अच्छी बारिश ने एक बार फिर विकास के तमाम दावों की परतें उधेड़कर रख दी हैं। जहां एक ओर नगर निगम करोड़ों रुपये के विकास कार्यों और स्मार्ट व्यवस्थाओं के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर शहर के कई वार्ड आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। वार्ड क्रमांक 34 स्थित सतीजा पेट्रोल पंप के पीछे की सड़क इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है। यहां सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है। बारिश के साथ ही पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। चिकनी मिट्टी और कीचड़ ने पूरे क्षेत्र को इस कदर अपनी चपेट में ले लिया है कि हर दिन कोई न कोई फिसलकर घायल हो रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग, स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। आए दिन बाइक सवार फिसल रहे हैं, बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं और बुजुर्गों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही है, लेकिन नगर निगम ने आज तक इसका स्थायी समाधान करने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी कई बार क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। हर बार सड़क निर्माण, अतिक्रमण हटाने और विकास कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन हर बार मामला केवल कागजों तक सीमित रह गया। मौके पर न तो सड़क बनी और न ही जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था की गई। अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और फिर फाइलें बंद हो जाती हैं। नतीजा यह है कि हर बारिश में यही सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने नगर निगम में कई बार लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन हर शिकायत के बाद सिर्फ आश्वासन मिला। अब लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। क्षेत्र के नागरिकों ने तय किया है कि आगामी मंगलवार की जनसुनवाई में एक बार फिर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। यदि इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मोहल्लेवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि नगर निगम में विकास कार्यों की प्राथमिकताएं पूरी तरह उलट चुकी हैं। जिन क्षेत्रों में सड़कें ठीक-ठाक हैं, वहां बार-बार नई सड़कें बनाकर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि जहां सड़क निर्माण अत्यंत आवश्यक है, वहां वर्षों से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों का कहना है कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्यों से ठेकेदारों को नए बिल निकालने का अवसर मिलता है, वहां तेजी से काम होता है, जबकि वास्तविक जरूरत वाले इलाकों की लगातार अनदेखी की जाती है। यही कारण है कि नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे मामले में राजनीतिक पहलू भी सामने आ रहा है। वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद संगीता मुन्ना पवार हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कांग्रेस समर्थित वार्ड होने के कारण भाजपा शासित नगर निगम इस क्षेत्र की लगातार उपेक्षा कर रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन लोगों के बीच यह चर्चा लगातार बनी हुई है कि राजनीतिक खींचतान का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

### इनका कहना है

कृष्ण मंदिर के आसपास अगर कीचड़ और रोड खराब हुई है तो अभी हाल ही में मुरुम और बजरी के टेंडर फाइनल होने वाले है। जल्द ही कच्ची सड़कों पर मुरुम और बजरी डालकर सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाएगा।

विवेक चौहान,
इंजीनियर नगर निगम छिंदवाड़ा

### स्थिति ऐसी ही रही तो बड़े हादसे से नहीं किया जा सकता इंकार

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सड़क केवल एक आवासीय क्षेत्र की सड़क नहीं है। इसी मार्ग पर भगवान श्रीकृष्ण मंदिर स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां जय गुरुदेव आश्रम भी मौजूद है, जहां धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। आने वाले समय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में यदि सड़क की यही स्थिति बनी रही तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पैदल चलना हुआ दूभर, बारिश में जमा हो जाता है कीचड़

बारिश के दौरान सड़क पर जमा कीचड़ और फिसलन ने पूरे इलाके को खतरे के क्षेत्र में बदल दिया है। दोपहिया वाहन चालक लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। कई बार महिलाएं बच्चों को लेकर गिर चुकी हैं। बुजुर्गों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम और संबंधित अधिकारियों की होगी।
हैरानी की बात यह है कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यदि शहर के बीचों-बीच स्थित एक वार्ड की यह स्थिति है तो दूरस्थ इलाकों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। जनता का कहना है कि उन्हें भाषण नहीं, सड़क चाहिए; घोषणाएं नहीं, विकास चाहिए; निरीक्षण नहीं, स्थायी समाधान चाहिए।

### कागजी कार्यवाही छोड़कर धरातल पर करना होगा कार्य

अब सवाल यह है कि आखिर नगर निगम की प्राथमिकता क्या है? क्या विकास केवल उन क्षेत्रों तक सीमित रहेगा जहां राजनीतिक लाभ या ठेकेदारी का खेल संभव है? क्या आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा का कोई मूल्य नहीं रह गया है? क्या हर बार किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद औपचारिक कार्रवाई का दिखावा होगा?वार्डवासियों की मांग पूरी तरह जायज है। नगर निगम को चाहिए कि तत्काल इस सड़क का तकनीकी सर्वे कराकर पक्की सड़क और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था स्वीकृत करे। केवल गिट्टी या मिट्टी डालकर खानापूर्ति करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। यदि प्रशासन वास्तव में जनहित और विकास के अपने दावों को साबित करना चाहता है तो उसे कागजी कार्रवाई छोड़कर धरातल पर काम करना होगा। फिलहाल पूरे क्षेत्र की निगाहें मंगलवार की जनसुनवाई और नगर निगम प्रशासन पर टिकी हैं। अब यह देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस बार भी केवल आश्वासन देकर लौट जाते हैं या फिर वर्षों से बदहाल इस सड़क को राहत देने के लिए कोई ठोस निर्णय लेते हैं। क्योंकि अब यह मामला केवल एक सड़क का नहीं, बल्कि नगर निगम की कार्यशैली, जवाबदेही और आम जनता के प्रति उसकी संवेदनशीलता की असली परीक्षा बन चुका है।

## मेघों ने खोला खजानाः दिनभर झमाझम बारिश, निचले इलाकों में जलभराव

### 24 घंटे में जिले में 24.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज, परासिया में सर्वाधिक 53.2 मिमी बारिश, जिले की कुल औसत वर्षा 204.3 मिमी पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में शनिवार को मानसून पूरी तरह मेहरबान रहा। सुबह से शुरू हुई बारिश दोपहर करीब तीन बजे तक झमाझम होती रही, जबकि इसके बाद भी रुक-रुककर शाम तक लगातार वर्षा का सिलसिला जारी रहा। लगातार हुई बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



वहीं किसानों के चेहरों पर अच्छी बारिश से खुशी भी दिखाई दी, क्योंकि खरीफ फसलों के लिए यह बारिश बेहद लाभदायक मानी जा रही है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मिमी है। जिले में एक जून से अब तक 204.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 238.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। बीते 24 घंटों में, 5 जुलाई 2026 की सुबह 8 बजे तक जिले में 24.2 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 24 घंटों में परासिया में सर्वाधिक 53.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा जुन्नारदेव में 46.6 मिमी, उमरेठ में 42.4 मिमी, चौरई में 32.2 मिमी, मोहखेड़ में 25.5 मिमी, हर्रई में 23.2 मिमी, अमरवाड़ा में 20 मिमी तथा बिछुआ में 18 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं छिंदवाड़ा, तामिया और चांद में 2-2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।एक जून से अब तक की वर्षा के आंकड़ों में चांद तहसील 331.3 मिमी वर्षा के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद चौरई में 271 मिमी, उमरेठ में 211.6 मिमी, बिछुआ में 208.5 मिमी, तामिया में 200 मिमी, जुन्नारदेव में 193.6 मिमी, अमरवाड़ा में 187.4 मिमी, परासिया में 160.6 मिमी, हर्रई में 147.1 मिमी, छिंदवाड़ा में 90.8 मिमी तथा मोहखेड़ में 83.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी जिले में अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है।

## अलग-अलग हादसों में महिला और व्यक्ति की मौत

### ग्राम भुम्मा और पागड़ी में हुई घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार का दिन सौसर क्षेत्र के लिए बेहद दुखद और मनहूस साबित हुआ। एक ही दिन में हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। पहली घटना रामाकोना क्षेत्र के ग्राम पांगडी) में हुई, जहाँ आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की जान चली गई, जबकि दूसरी घटना मोहगांव थाना अंतर्गत ग्राम भूमा में सामने आई, जहाँ मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।पहली घटना रामाकोना क्षेत्र के ग्राम सीतापार की है।

मिली जानकारी के अनुसार, श्रीमती सुलोचना ताराम अपने खेत में पति के साथ स्थित कोठे में काम कर रही थी, अचानक तेज बिजली कड़की और छठ दीवार तोड़कर सर पर आकाशीय बिजली गिरी जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण उन्हें तुरंत सौसर सिविल अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सौसर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत

दूसरी घटना मोहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भूमा में घटित हुई। यहाँ ग्राम भूम्मा निवासी 52 वर्षीय जीतू कवरेती मछली पकड़ने के लिए गए थे। लोगो से मिली जानकारी के अनुसार दुर्भाग्यवश, मछली पकड़ने के दौरान वे वहां से गुजर रहे बिजली के तारों की चपेट में आ गए। करंट का झटका इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना मिलते ही यू फार एच फाउंडेशन की एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुँची और शव को सिविल अस्पताल सौसर लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार और मोहगांव पुलिस मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लेते हुए किस कारण मौत हुई है इसको लेकर जांच की जा रही है।

## आबकारी की कार्रवाई, 6 पेटी अवैध शराब जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार



छिंदवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के चौरई अमले ने चांद क्षेत्र के ग्राम हिवरा में अवैध शराब के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। टीम ने लालगांव-हिवरा मार्ग स्थित एक नमकीन एवं किराना दुकान पर दबिश देकर वहां अवैध रूप से संग्रहीत 06 पेटी देशी एवं विदेशी शराब जप्त की। कार्रवाई के दौरान दुकान की तलाशी में 03 पेटी ऑफिसर्स च्वॉइस व्हिस्की, 02 पेटी मैकडॉवल रम तथा एक पेटी देशी मसाला मदिरा बरामद हुई। मौके से आरोपी रघुराज एवं अवधेश को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) एवं 42 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंघल, आबकारी आरक्षक राजकुमार यदुवंशी एवं श्रीमती भारती मरकाम उपस्थित थीं।

## कैदियों के हाथों तैयार हो रहे बर्ड हाउस और बर्ड फीडर



छिंदवाड़ा। पर्यावरण संरक्षण, पक्षी संवर्धन एवं कैदियों के पुनर्वास को एक साथ जोड़ते हुए जिला जेल छिंदवाड़ा ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा आकर्षक, टिकाऊ एवं वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किए गए बर्ड हाउस और बर्ड फीडर तैयार किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य गौरैया सहित अन्य स्थानीय पक्षियों को सुरक्षित आश्रय एवं भोजन उपलब्ध कराना है, वहीं दूसरी ओर बंदियों को कौशल विकास एवं सम्मानजनक आजीविका से जोड़ना भी है।जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन के मार्गदर्शन एवं उनकी परिकल्पना को साकार करते हुए इसका तकनीकी डिज़ाइन आकाश लालवानी द्वारा तैयार किया गया है। वहीं, बंदियों द्वारा इन बर्ड हाउस और बर्ड फीडरों का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने में जिला जेल के शिक्षक योगेन्द्र उइके का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, इस प्रोजेक्ट के डॉक्यूमेंटेशन के लिए सतपुड़ा साइंस एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के डायरेक्टर श्रीमती मनीषा परिहार एवं सहयोगी उत्कर्ष तिवारी का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा हैजेल अधीक्षक श्री प्रतीक जैन ने बताया कि बर्ड हाउस और बर्ड फीडर का संयुक्त सेट मात्र 300 में उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक नागरिक जिला जेल छिंदवाड़ा से संपर्क कर इसे प्राप्त कर सकते हैं और अपने घर, विद्यालय, कार्यालय या संस्थान में स्थापित कर पक्षी संरक्षण अभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

### पुलिस हाउसिंग बोर्ड बतलाई जा रही कार्यकारी एजेंसी, नहीं लगा जानकारी देने वाला बोर्ड

## ओजीएल के विपरीत हॉपर के बदले मिक्सर मशीन से बनाये जा रहे छात्रावास व गर्ल्स हॉस्टल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्य प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का दावा करती है, लेकिन तामिया स्थित सांदीपनी स्कूल परिसर में आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए बनाए जा रहे छात्रावास एवं गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे शासन के दावों पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।कलेक्टर द्वारा प्रत्येक समीक्षा बैठक में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाते रहे हैं, लेकिन आरोप है कि कार्यकारी एजेंसी इन निर्देशों का प्रभावी पालन नहीं कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्य में मनमानी करने की खुली छूट दी गई है, जिसके कारण निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

स्थानीय लोगों का यह भी दावा है कि इसी परिसर में पूर्व में बने सीएम राइज स्कूल भवन के निर्माण को लेकर भी गुणवत्ता संबंधी सवाल उठ चुके हैं। वर्तमान में छात्रावास एवं गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण पुलिस हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से ठेका पद्धति से कराए जाने की चर्चा है। आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो कार्यकारी एजेंसी का सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही निर्माण कंपनी का नाम प्रदर्शित किया गया है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि किस भवन का निर्माण किस एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। इससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य में मूल भूमि स्तर (ओरिजिनल ग्राउंड लेवल-ओजीएल) के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ठेकेदार द्वारा अपनी सुविधा अनुसार गहराई तक खुदाई कर कॉलम तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें प्रथम दृष्टया तकनीकी खामियां दिखाई देने का दावा किया जा रहा है।तकनीकी जानकारों का कहना है कि कॉलमों में कंक्रीट की ढलाई निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया के अनुसार हॉपर की सहायता से की जानी चाहिए, लेकिन आरोप है कि इसके स्थान पर मिक्सर मशीन से सीधे कंक्रीट डालकर कॉलम तैयार किए जा रहे हैं। यदि यह सही है तो इससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।आरोप यह भी है कि निर्माण में प्रयुक्त सरिया हाल की बारिश के कारण जंगयुक्त दिखाई दे रहा है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय में छात्रों का हंगामा, जर्जर हॉस्टल छोड़ नए छात्रावास में पहुंचे विद्यार्थी

## तहसीलदार की समझाइश के बाद लौटे छात्र, प्रबंधन ने चार दिन में नए हॉस्टल में शिफ्टिंग का दिया लिखित आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में गुरुवार को उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई, जब छात्र जर्जर छात्रावास को छोड़कर नए निर्मित हॉस्टल में रहने की मांग को लेकर सामूहिक रूप से वहां पहुंच गए। विद्यार्थियों का कहना था कि पुराना हॉस्टल जर्जर हो चुका है और लगातार हो रही बारिश के बीच उसमें रहना जोखिम भरा है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश पर तहसीलदार ज्योति ठोके मौके पर पहुंचीं। समझाइश के बाद छात्र पुराने छात्रावास में लौटने के लिए तैयार हो गए। जानकारी के अनुसार एकलव्य विद्यालय का नया छात्रावास लगभग एक माह पहले बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा अब तक उसका हैंडओवर नहीं लिए जाने के कारण विद्यार्थियों को उसमें रहने की अनुमति नहीं मिल सकी है। दूसरी ओर पुराना छात्रावास जर्जर स्थिति में है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।




### सुरक्षा को लेकर छात्रों में नाराजगी

बारिश के मौसम में पुराने भवन की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों ने अपनी सुरक्षा का हवाला देते हुए नए छात्रावास में रहने की मांग की। इसी मांग को लेकर उन्होंने पुराने हॉस्टल को छोड़ दिया और नए भवन में प्रवेश कर गए। अचानक बड़ी संख्या में छात्रों के एकत्र होने से विद्यालय परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ज्योति ठोके विद्यालय पहुंचीं और विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। तहसीलदार ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद छात्र शांत हुए और वापस पुराने छात्रावास में लौट गए।

### चार दिन में शिफ्टिंग का लिखित आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने विद्यालय प्रबंधन से चर्चा की। प्रबंधन ने प्रशासन को लिखित आश्वासन दिया कि 6 जुलाई तक विद्यार्थियों को नए छात्रावास में शिफ्ट कर दिया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि नया छात्रावास सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ तैयार है, तो विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से पुराने भवन में नहीं रखा जाना चाहिए।

### पुलिस भी पहुंची विद्यालय

स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस दल विद्यालय पहुंचा और पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी। हालांकि प्रशासनिक हस्तक्षेप और समझाइश के चलते स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

### प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस घटनाक्रम के बाद विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में पहले भी पेयजल, मूलभूत सुविधाओं और छात्रावास संबंधी समस्याएं सामने आती रही हैं। अब नया छात्रावास तैयार होने के बावजूद समय पर हैंडओवर नहीं लेना विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय माना जा रहा है।

# रामाजी साहू के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री डी डी उइके



छिंदवाड़ा। केंद्रीय जनजाति मंत्री डी डी उइके ,जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव ,जिला प्रभारी बबला शुक्ला ने गायत्री परिवार के वरिष्ठ कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता राजेश साहू ,ओमी साहू ,जय प्रकाश साहू ,प्रदीप साहू के निवास स्थान पहुचकर उनके पूज्य पिताजी श्री रामा जी साहू के हाल चाल जाना और कुशल स्वास्थ्य की जानकारी ली । श्री रामाजी साहू मूलतः बोरदेही ग्राम के निवासी है उनके युवा कार्यकाल में बोरदेही ग्राम की राम लीला बहुत प्रसिद्ध रही । रामाजी साहू जी की तीनो बेटी छिंदवाड़ा में है उनके विवाह के समय मेहमानों के आवागमन के लिये ट्रेन में फ्री सुविधा करवाई थी । यह एक अनोखा कार्य था । जब केंद्रीय मंत्री राजनीति में नही आये थे तब श्री रामाजी साहू से मित्रवत पारिवारिक सम्बंध रहे है । इसी सम्बंध के कारण मंत्री जी उनका स्वास्थ्य जानने निवास पर आए । पूरे परिवारिक सदस्यों ने मंत्री जी का आत्मिक स्वागत किया । इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित अशोक साहू ,राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष भगवान दिन साहू ,नमो नमो मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन साहू भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# गायत्री परिवार की अनूठी पहल एक दिन में एक साथ रुपए गए 1100 पौधे

## 5 वर्षों तक पूर्ण रूप से वृक्ष बनने तक पालने का संकल्प भी गायत्री परिवार के सदस्यों ने लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रकृति को हरा भरा रखने और संजोने के उद्देश्य से गायत्री परिवार ट्रस्ट, संयुक्त समन्वय समिति नव चेतना केंद्र तानसी, दमुआ, गुढ़ी माइनस, गुढ़म नांदना के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 5 जुलाई को भव्य पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग परिसर में 1100 पौधों का रोपण गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री यज्ञ के साथ किया गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने यज्ञ की अग्नि में आहुति डालकर पौधारोपण की शुरुआत की। पौधारोपण के दौरान पंचवटी त्रिवेणी एवं नवग्रह वाटिका सहित सभी फलदार पौधे लगाए गए जिन्हें 5 वर्षों तक पूर्ण रूप से वृक्ष बनने तक पालने का संकल्प भी गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा लिया गया। गायत्री शक्तिपीठ जुन्नारदेव के तत्वाधान में आयोजित भव्य पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की 25 हेक्टेयर लगभग 62 एकड़ परिसर में सैकड़ो की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं आम जनमानस स्वइच्छा से प्रेरित होकर पौधारोपण करने पहुंचे जहां पर भारी जन समुदाय के बीच पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट के लोगों ने प्रकृति को समझो ने और हम बदलेंगे युग बदलेगा जैसे नारे भी दिए। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वन विभाग से डिप्टी रेंजर चंद्र मोहन मालवी, डिप्टी रेंजर एसके कोरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष पौधारोपण करने की बात कही गई जिससे वन भूमि को हरियाली में बदलकर जुन्नारदेव वन वाटिका का रूप प्रदान किया जा सके इसके लिए वन विभाग द्वारा भी भव्य स्तर पर पौधारोपण किए जा रहे हैं इस भूमि पर वन विभाग द्वारा 5000 से अधिक पौधे लगाने संबंधी बात भी सामने आई है।

# जमतरा में आयोजित हुआ एक दिवसीय चरवाहा सम्मेलन वन्यजीवों के संरक्षण का दिया संदेश

बिछुआ। पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी छिंदवाड़ा के कुंभपानी, खमरपानी एवं घाटकोहका परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों के चरवाहों के लिए चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति चरवाहों को जागरूक करना तथा वन विभाग और ग्रामीणों के बीच समन्वय को मजबूत करना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में



स्थानीय ग्रामीणों और चरवाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से वन विभाग के साथ मित्रतापूर्ण समन्वय बनाए रखते हुए संरक्षण कार्यों में सहयोग करने की अपील की। सम्मेलन के दौरान चरवाहों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वन क्षेत्र में सुरक्षित आवागमन, वन्य प्राणियों से बचाव तथा बाघ की उपस्थिति वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी गई। चरवाहों को बताया गया कि यदि बाघ दिखाई दे या हमला कर दे, तो घबराएं नहीं, मवेशियों और बाघ के बीच जाने का प्रयास न करें। उन्हें वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सायरन/टेप (ध्वनि उपकरण) का उपयोग कर शोर मचाने की सलाह दी गई, ताकि बाघ को दूर भगाया जा सके और किसी भी प्रकार की जनहानि से बचाव हो सके। साथ ही ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने के लिए भी कहा गया। पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के क्षेत्र संचालक जे. देवाप्रसाद, रेंजर धमेन्द्र बिसेन, सुमित रेंगे इसके अलावा खमरपानी, घाटकोहका एवं खवासा, जमतरा एवं हलाल के सरपंच, ईको विकास समिति के अध्यक्ष, परिक्षेत्र सहायक एमएस पंद्रे, सुखराम उइके, सुरक्षा श्रमिक सहित बड़ी संख्या में चरवाहा उपस्थित थे।

# एआई का है जमाना, सतर्कता है जरूरी नुक्कड़ नाटक से साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

परासिया : सोशल मीडिया और ए आई के इस जमाने में साइबर क्राइम , साइबर फ्रॉड के मामले आय दिन सामने आ रहे हैं , ऐसे में हर व्यक्ति को सतर्क रहना बेहद जरूरी हो गया है । इस दिशा में पुलिस लगातार अभियान चलाकर लोग को



जागरूक कर रही है । इसी क्रम में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को साइबर क्राइम , साइबर फ्रॉड और इन सब से कैसे बचा जा सकता है , इसकी जानकारी दी गई ।रविवार को परासिया थाने के सामने वेकोलि सांस्कृतिक मंच से जुड़े विनोद मंडलोई , मोहन ठाकुर , दुर्गा कश्यप और उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया । जिसके जरिये साइबर क्राइम , साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया गया । किसी भी व्यक्ति के साथ अपना व्यक्तिगत डाटा , बैंक खातों की जानकारी , ओ टी पी आदि शेयर नहीं करने का सन्देश दिया गया । इस दौरान मौजूद थाना प्रभारी ईश्वरी पटले ने लोगों को बताया , कि किस तरह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तरह - तरह के प्रलोभन देकर लोगों को फंसाया जा रहा है , ठगी की जा रही है । उन्होंने ने यह भी बताया , कि मोबाइल का इस्तेमाल सावधानी पूर्वक करना चाहिए । किसी भी अननोन एप्लीकेशन को एक्टिव करने से बचना चाहिए । वहीं एस डी ओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट ने कहा की आजकल ए आई का उपयोग तेज से बढ़ रहा है । इसका उपयोग एक ओर जहां लोगों के कार्यों को सरल बनाता है , तो वहीं इसका गलत उपयोग से भारी नुकसान भी हो सकता है । उन्होंने सोशल मीडिया पर बनी रहने वाली महिलाओं से अपील की हैं , कि वे हमेशा सतर्क रहें । अपनी पर्सनल जानकारियां सभी के साथ साझा करने से बचे । उन्होंने यह भी कहा , कि किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होता है , तो तत्काल बेझिझक पुलिस की सहायता लें ।

# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भारत शासन द्वारा संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड वारासिवनी में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के उन नागरिकों को साक्षर बनाना है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके हैं।प्रशिक्षण में विकासखंड वारासिवनी के सभी 10 संकुलों के संकुल प्राचार्य, प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक तथा स्वेच्छा से पंजीकृत अक्षर साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 शिक्षकों ने सहभागिता कर साक्षर भारत के निर्माण हेतु अपने संकल्प को दोहराया।प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड सह समन्वयक श्री भोजराज पटले द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर असाक्षर व्यक्तियों का डोर-टू-डोर सर्वे, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी संकलन, मोबाइल ऐप के माध्यम से असाक्षरों एवं अक्षर साथियों का पंजीयन करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे– असाक्षरों का सर्वेक्षण, अक्षर साथियों का पंजीयन, सामाजिक चेतना केंद्र एवं अध्ययन केंद्रों की स्थापना, विद्यालयों में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के लोगो एवं सूचना बोर्ड की स्थापना, साक्षरता संबंधी पंजियों का संधारण, अक्षर साथियों का उन्मुखीकरण, अक्षर पोथी वितरण, नियमित अध्ययन केंद्र संचालन तथा गतिविधियों की फोटो साक्षरता समूह में प्रेषित करने पर विशेष बल दिया।

प्रशिक्षण के दौरान ऐप के उपयोग में आने वाली तकनीकी समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री सत्येंद्र शरणागत ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक गतिविधियों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री हुमराज पटले, संकुल प्राचार्य श्री आर.के. बारमाटे, बकेरा प्राचार्य श्री हनबत जी, कायदी प्राचार्य श्री मडावी जी, शिक्षक श्री कमल टेंभरे, समस्त बी.ए.सी., सी.ए.सी., संकुल समन्वयक एवं साक्षरता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रील्स में व्यस्त सरकार, खेतों में पसीना बहा रहा किसान- ज्योति उमरे का सरकार पर तीखा हमला

## धान का 3100 समर्थन मूल्य, 900 बोनस, खाद संकट और महंगाई को लेकर कांग्रेस नेत्री ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री ज्योति ईश्वर उमरे ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार और दिखावे की राजनीति में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि एक ओर किसान भीषण उमस और बारिश के बीच खेतों में धान की रोपाई कर अपनी मेहनत से अन्न उत्पादन की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सत्ता से जुड़े जनप्रतिनिधि सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर खेतों में फोटो और रील्स बनवाने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। उनका कहना है कि किसानों को राहत देने के बजाय सरकार केवल प्रचार का सहारा ले रही है।

जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे ने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों से धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल और 900 बोनस देने का वादा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव समाप्त होने के बाद इन वादों को भुला दिया गया और किसान आज भी अपनी उपज का उचित मूल्य मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी मंचों से किए गए बड़े-बड़े वादे अब किसानों के लिए केवल यादें बनकर रह गए हैं। उनका कहना है कि सरकार को प्रचार के बजाय अपने वादों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेस नेत्री ने आरोप लगाया कि खरीफ सीजन के सबसे महत्वपूर्ण समय में कई क्षेत्रों की सहकारी समितियों और गोदामों में खाद उपलब्ध नहीं है। किसान धान की रोपाई तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें चिंता है कि फसल के लिए आवश्यक खाद आखिर कहां से मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान एक ओर मौसम की मार झेल रहा है तो दूसरी ओर सरकारी व्यवस्थाओं की अनदेखी का भी शिकार बन रहा है। उन्होंने महंगाई, पेट्रोल में कथित मिलावट, पेपर लीक की घटनाओं, बढ़ते बिजली बिल, रसोई गैस की कीमतों तथा सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भी सरकार को घेरा। उनका आरोप है कि आम जनता की मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई करने में असफल रही है।



ज्योति उमरे ने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता के हाथ में होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो जनता चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि दिखावटी प्रचार और रील्स से जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता, बल्कि वादों को जमीन पर उतारना ही सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से किसानों को घोषित समर्थन मूल्य और बोनस देने, सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, महंगाई पर नियंत्रण करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े मुद्दों पर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही कहा कि किसान और आम जनता अब केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि वास्तविक परिणाम देखना चाहती है।

# जिले में बीते 24 घंटे में 28 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट। चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 05 जुलाई 2026 तक कुल 251 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 211 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 05 जुलाई तक 304 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए ।**

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 05 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 28 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 34 मिलीमीटर, वारासिवनी में 38 मिलीमीटर, बैहर में 72 मिलीमीटर, लांजी में 15 मिलीमीटर, कटंगी में 03 मिलीमीटर, किरनापुर में 24 मिलीमीटर, खैरलांजी में 26 मिलीमीटर, लालबर्रा में 17 मिलीमीटर, बिरसा में 24 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 28 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। चालू वर्ष में 01 जून से 05 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 401 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 103 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 389 मिलीमीटर, बैहर में 332 मिलीमीटर, लांजी में 199 मिलीमीटर, कटंगी में 140 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 231 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 221 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 332 मिलीमीटर, वारासिवनी में 239 मिलीमीटर, बैहर में 316 मिलीमीटर, लांजी में 119 मिलीमीटर, कटंगी में 69 मिलीमीटर, किरनापुर में 265 मिलीमीटर, खैरलांजी में 61 मिलीमीटर, लालबर्रा में 269 मिलीमीटर, बिरसा में 268 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 295 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 86 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# शासकीय एस.एस.पी. महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में शासन के निर्देशानुसार 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराना था।

प्रथम दिवस पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को कक्षा समूहों से जोड़ने हेतु सूची तैयार की गई तथा उन्हें महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रंथालय, कार्यालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, छात्रावास एवं कंप्यूटर लैब सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेड़ाम के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इसके पश्चात विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों की गतिविधियों एवं अवसरों की जानकारी दी।

प्रो. दोमदत्त सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं प्रो. रक्षा निकोसे (हिंदी), प्रो. वी.के. सिंह (प्राणीशास्त्र), प्रो. मोहनीश इडपाचे (रसायनशास्त्र), प्रो. हिमांशु गुर्दे (वाणिज्य), ग्रंथपाल श्री युगल किशोर लांझेवार, प्रो. कृष्णा पराते (एनएसएस), प्रो. नरेंद्र डोंगरे (विधि) तथा प्रो. अनिरुद्ध काकोड़िया (अर्थशास्त्र) ने विद्यार्थियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्णा पराते ने किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन, शैक्षणिक वातावरण एवं उपलब्ध संसाधनों की समग्र जानकारी प्रदान की गई।

# नालियों की लापरवाही ने डुबोया कारंजा बाजार, दुकानों में घुसा बारिश का पानी



## पंचायत की अनदेखी से व्यापार चौपट, हजारों का नुकसान, हर बारिश में उजागर हो रही बदहाल जल निकासी व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लगातार हो रही बारिश ने लांजी जनपद की ग्राम पंचायत कारंजा की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस स्टैंड से हनुमान मंदिर तक पुरानी बाजार रोड पर हालात ऐसे हैं कि सड़क कम और तालाब अधिक नजर आ रही है। वर्षो से उपेक्षित पड़ी नालियां और समय पर सफाई नहीं होने का खामियाजा अब व्यापारी भुगत रहे हैं। बारिश का पानी सड़क से सीधे दुकानों में घुस रहा है, जिससे हजारों रुपये का सामान बर्बाद हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन जिम्मेदारों ने आंखें मूंदे रखीं। अब जब नुकसान हो चुका है, तब पंचायत की निष्क्रियता लोगों के गुस्से का कारण बन गई है।

लगातार वर्षा के कारण पुरानी बाजार रोड पूरी तरह जलमग्न हो गई है। बस स्टैंड से हनुमान मंदिर तक सड़क पर पानी भरने से पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बना हुआ है, जबकि चारपहिया वाहन भी पानी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नालियों की समय पर सफाई कर दी जाती और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रहती तो यह स्थिति पैदा ही नहीं होती। लोगों का आरोप है कि पंचायत केवल कागजों में व्यवस्था सुधारने के दावे करती है, जबकि जमीनी हकीकत हर बारिश में सामने आ जाती है।

पार्थ पशु आहार के संचालक तेजराम मोरघडे ने बताया कि उन्होंने बारिश शुरू होने से पहले ही ग्राम पंचायत को नालियों की सफाई कराने की मौखिक शिकायत की थी। इसके बावजूद किसी जिम्मेदार ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधारने की जरूरत नहीं समझी। परिणामस्वरूप तेज बारिश के दौरान उनकी दुकान में पानी घुस गया और हजारों रुपये का सामान खराब हो गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो नुकसान से बचा जा सकता था। केवल उनकी दुकान ही नहीं, बल्कि इस मार्ग की कई दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने रैंकिंग को प्रभावित करने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग शिकायतों के समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दे।

### केवलारी में 7 जुलाई को होगी विशेष जनसुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के विकासखंड केवलारी में मंगलवार, 7 जुलाई को विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं, शिकायतों तथा मांगों से संबंधित आवेदन सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।
विशेष जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।
जिला प्रशासन ने केवलारी क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 7 जुलाई को आयोजित विशेष जनसुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनका प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह जनसुनवाई शासन की जनकल्याणकारी एवं जवाबदेह प्रशासन की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### बरसात में विद्युत सुरक्षा बरतें, पोल-ट्रांसफार्मर और तारों से रखें सुरक्षित दूरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्षा ऋतु के दौरान तेज आंधी, तूफान और लगातार बारिश के कारण विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, सिवनी ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग का कहना है कि बरसात के मौसम में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कार्यपालन अभियंता (संचालन एवं संधारण) सुभाष राय ने नागरिकों से अपील की है कि विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर तथा हाईटेंशन एवं एलटी विद्युत लाइनों से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अपने पालतू पशुओं को भी बिजली के खंभों या स्टे वायर से न बांधें।

## चार दिन से टूटा संपर्क :पुल बहने से स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले की बरघाट तहसील अंतर्गत ग्राम बेलगांव, ग्राम पंचायत बम्होड़ी में लगातार हो रही बारिश के चलते बेलगांव से बम्होड़ी जाने वाले मुख्य मार्ग पर बना पुल 2 जुलाई 2026 को तेज पानी के बहाव में बह गया। पुल क्षतिग्रस्त होने से गांव का संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है और सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल बह जाने के कारण बेलगांव के बच्चे बम्होड़ी स्थित स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। पिछले चार दिनों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं ग्रामीणों को भी दैनिक आवागमन के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में नाले का जलस्तर बढ़ जाने से लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा एवं ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए क्षतिग्रस्त पुल का शीघ्र निर्माण कराया जाए तथा वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

## चरित्र शंका व विवाद के चलते पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के पर्यवेक्षण में जिले में गंभीर अपराधों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आदेगांव पुलिस को त्वरित सफलता प्राप्त हुई है।

**आरोपी पति ने घटना की दी स्वंय थाने में सूचना, पुलिस हिरासत में**

**एसपी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में आदेगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

**आरोप पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




दिनांक 02-03/07/2026 की दरमियानी रात लगभग 2 बजे थाना आदेगांव अंतर्गत ग्राम बोरिया में चरित्र शंका एवं आपसी विवाद के चलते एक पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार आरोपी संतराम मरकाम पिता रून्ना मरकाम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बोरिया ने अपनी पत्नी कमला बाई से देर रात उसके आने-जाने एवं काम के संबंध में पूछताछ की। संतोषजनक जवाब न मिलने पर दोनों के बीच विवाद एवं हाथापाई शुरू हो गई। विवाद बढने पर आवेश में आकर आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर के दाहिने हिस्से कान के ऊपर ताबड़तोड़ वार कर दिए। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण कमला बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी संतराम मरकाम स्वंय थाना आदेगांव पहुंचकर घटना की सूचना दी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। प्रकरण में थाना आदेगांव में अपराध क्रमांक 122/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।
उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे, सउनि सौरभ शर्मा, सउनि रजनीकांत दुबे, प्र.आर. संतोष मर्सकोले, आर. ओमप्रकाश धुर्वे, आर. सरवन मरकाम एवं आर. नेकसिंह उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लखनादौन में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा वन महोत्सव, फलदार पौधों के रोपण से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वन महोत्सव के अवसर पर लखनादौन वन परिक्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक सिवनी संध्या मैडम एवं उत्तर सिवनी वन मंडल अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह उईके के मार्गदर्शन में संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों की सक्रिय सहभागिता से जंगलों में विभिन्न फलदार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जा रहा है। वन विभाग एवं स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं नागरिकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वन महोत्सव के माध्यम से क्षेत्रवासियों को यह संदेश दिया गया कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं।

## संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के ग्राम सिहोरा में रविवार सुबह एक युवक का शव गौशाला के समीप तालाब किनारे संदिग्ध हालत में मिला। सूचना मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ग्राम सिहोरा निवासी 35 वर्षीय मोहन गोल्हानी के रूप में हुई है। युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से उसकी मौत को लेकर कई आशंकाएं जताई जा रही हैं।
मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।
घटना के बाद पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टमरिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। लखनादौन थाना प्रभारी के. पी. धुर्वे ने बताया कि पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक शनिवार रात किन लोगों के संपर्क में था और वह किन परिस्थितियों में तालाब तक पहुंचा। आवश्यकता पडऩे पर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच की जाएगी।
फिलहाल, पुलिस ने मामले को संदिग्ध मौत मानते हुए जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी सभीपहलुओं- दुर्घटना, आत्महत्या और हत्या-को ध्यान में रखकर पड़ताल कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जयहिंद टीम ने प्राचार्य के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में इन दोनों प्रवेश को लेकर प्रबंधन द्वारा यह कहा जा रहा है कि शासन के नियम अनुसार ही आपको प्रवेश दिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस बात को लेकर छात्राओं एवं प्रबंधन के बीच आए दिन तू तूमें में की स्थिति निर्मित हो रही है इस संबंध में जय हिंद टीम के दीपक डहेरिया एंव सदस्यों ने आज रैली निकाल कर प्रबंधन को हटाए जाने की मांग की है ।
इस संबंध में कलेक्टर को सौंप ज्ञापन में कहा गया है कि लंबे समय से यहां के प्राचार्य के विरोध में शिकायतें आ रही है इसके बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किए जाने से यहां की व्यवस्था चौपट हो रही है अतः इस? समबध मैं कार्यवाही की मांग की है।

## प्रति ग्यारस निकलेगी श्री श्याम युवा संकल्प निशान यात्रा सिवनी के विकास एवं युवा जागरण का लिया संकल्प

**श्री श्याम परिवार समिति, सिवनी की युवा इकाई द्वारा एक अभिनव एवं प्रेरणादायी पहल प्रारंभ की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्यारस (एकादशी) पर श्री श्याम युवा संकल्प निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि युवा जागरण, सामाजिक एकता, व्यसनमुक्ति, संस्कार निर्माण तथा सिवनी के सर्वांगीण विकास का जनआंदोलन बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। समिति ने बताया कि वर्ष में आने वाली प्रत्येक 24 ग्यारसों पर यह निशान यात्रा नियमित रूप से निकाली जाएगी। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति, सेवा, अनुशासन और आध्यात्मिक जीवन से जोडऩा है, ताकि वे नशे, हिंसा, मोबाइल की लत तथा अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र और समाज निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकें।
इस श्रृंखला की प्रथम निशान यात्रा 10 जुलाई को प्रातः 6 बजे शुक्रवारी स्थित श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, सिवनी पहुँचेगी। यात्रा में सभी श्याम भक्तों, युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि आगामी ग्यारसों से प्रत्येक श्रद्धालु अपने-अपने मोहल्ले, कॉलोनी अथवा निवास क्षेत्र से आसपास के लोगों को साथ लेकर निशान यात्रा के रूप में श्री श्याम मंदिर पहुँचेगा। इससे समय के साथ यह यात्रा एक विशाल जनआंदोलन का स्वरूप धारण करेगी और पूरे सिवनी में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का वातावरण निर्मित होगा। समिति का विश्वास है कि बाबा श्याम की कृपा से यह अभियान युवाओं को सही दिशा प्रदान करेगा, परिवारों में सुख-शांति और समृद्धि का संदेश देगा तथा सिवनी को संस्कारवान, स्वस्थ, संगठित और विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री श्याम परिवार समिति - युवा इकाई का आह्वान आइए, एक निशान केवल हाथ में नहीं, बल्कि अपने जीवन में भी उठाएँ। बाबा श्याम के चरणों में चलें और मिलकर संस्कारित, स्वस्थ एवं विकसित सिवनी के निर्माण का संकल्प लें।

### पश्चिम रेलवे की तीन प्रमुख ट्रेनों में कोचों की स्थायी वृद्धि, मिलेगी अधिक सीटों की सुविधा

**सिवनी।** यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए अपनी तीन प्रमुख ट्रेनों में कोचों की स्थायी वृद्धि की है। इन ट्रेनों की संशोधित कोच संरचना निर्धारित तिथियों से लागू कर दी गई है। इस निर्णय से यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध होंगी, प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी तथा यात्रा अधिक आरामदायक एवं सुविधाजनक होगी। निम्नलिखित ट्रेनों में कोचों की संख्या बढ़ाई गई है विवरण इस प्रकार है 1. गाड़ी संख्या 19303/19304 इंदौर-भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस पहले यह ट्रेन 16 आईसीएफ कोचों (तृतीय वातानुकूलित -1, शयनयान -5, सामान्य श्रेणी - 8 एवं 2 गार्ड सह लगेज यान) के साथ संचालित हो रही थी। जो अब संशोधित संरचना के अनुसार इसमें 18 आईसीएफ कोच लगाए गए हैं, जिनमें (तृतीय वातानुकूलित - 2, शयनयान - 5, सामान्य श्रेणी - 9 कोच तथा 2 गार्ड सह लगेज यान) शामिल है। यह व्यवस्था इंदौर से 26 जून 2026 तथा भोपाल से 27 जून 2026 से प्रभावी हो गई है।

## गुम नाबालिग बालिका को नागपुर से किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना छपारा पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।
घटना दिनांक 16/06/2026 को फरियादी (बालिका के परिजन) ने थाना छपारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों की रिपोर्ट पर थाना छपारा में अपराध क्रमांक 278/2026 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।
मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरी. खेमेन्द्र कुमार जैतवार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। अथक प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम ने दिनांक 03/07/2026 को नागपुर (महाराष्ट्र) के सोनेगांव से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया।
दस्तयाब बालिका को आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात सुरक्षित रूप से माता-पिता को सुपुर्द किया गया। बालिका के बयान व मेडिकल परीक्षण पश्चात अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त सफलता में थाना प्रभारी निरी. खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक मंजू राहंगडाले, उप निरीक्षक श्री मुकेश डेहरिया, सउनि श्री शैलेष तिवारी एवं प्र.आर. दशरू प्रसाद बघेल की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

बिसेन मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
उत्तम चिकित्सा, बेहतर जीवन
जांच
• सी.टी. स्कैन • एम.आर.आई.
• डिजिटल एक्स-रे • पैथोलॉजी • T.M.T.
• 2-D इको (E.C.G.) • ई.ई.जी.
जनरल मेडिसिन
• डायबिटीज (शुगर) • हृदय रोग
• हाई ब्लड प्रेशर • थायराइड, लीवर
• किडनी • हड्डी एवं जोड़ रोग • न्यूरोलॉजी
• स्त्री रोग एवं प्रसूति सेवा • बाल रोग
• त्वचा रोग
24 घंटे 7 दिन ICU सुविधा उपलब्ध
विशेषज्ञ डॉक्टर:- डॉ. जागृति बिसेन (मेडिसिन), डॉ. लोकेश बिसेन (जनरल सर्जरी), डॉ. अविनाश कांबले (ऑर्थोपेडिक), डॉ. अन्या वर्मा (स्त्री रोग एवं प्रसूति), डॉ. अभिषेक गाथिया (बाल रोग), डॉ. पुलदेश बघेल (एनेस्थेसिया)
संपर्क करें : 6266248010, 9174594814 पता : बावरिया रोड 12 पत्थर, जिला सिवनी (म.प्र.)

## बरघाट में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में शामिल हुई 35 रसोईयां, पुरस्कार पाकर उत्साहित हुई रसोईयां

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना भोपाल के जारी निर्देशों के अनुसार सीईओ जिला पंचायत श्रीमति अंजली शाह के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के बरघाट विकासखंड मुख्यालय के जनपद पंचायत सभाकक्ष में कुक कम हेल्परों के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का 03 जुलाई 2026 को आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बताया गया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्याह्न भोजन को अधिक स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं स्वच्छ बनाने के साथ-साथ कुक कम हेल्परों को नवाचार और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। विभाग द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी पूनम राउत माध्यमिक शाला खुर्सीपार कला को 5 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार दो प्रतिभागी ममता राउत पीएम विद्यालय बढैना कला, देवला ठाकुर माध्यमिक शाला खुर्सीपार खुर्द 3-3 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार तीन प्रतिभागी पल्लवी चौधरी प्राथमिक विद्यालय साहूटोला, अनिता इनवाती माध्यमिक शाला कुडोपार, रेखा बरकड़े पीएमश्री विद्यालय सर्रा को 2-2 हजार रूपये, तथा तीन सांत्वना पुरस्कार तीन प्रतिभागी रीना मडावी प्राथमिक शाला बीजाटोला, द्रोपदी बरकड़े पीएम श्री विद्यालय बम्होड़ी, प्रमिला भालेकर माध्यमिक शाला कांचना को 1000-1,000 रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया गया। इस आयोजन में उत्साह पूर्वक 35 रसोईयों ने सहभागिता की।
इस कुकिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिभा परते की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया। निर्णायक समिति में जनपद पंचायत बरघाट के सीईओ प्रतिभा परते, जनपद अध्यक्ष आभा राहंगडाले, सांसद प्रतिनिधि श्रीमति गोमती ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भाजपा हेमंत राहंगडाले, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र राहंगडाले, बीआरसीसी दिनेश हनवत, बीएसी सुनील ठाकुर, श्रीमति अमृता चौधरी टास्क मैनेजर जिला पंचायत, श्रीमति नीलम विश्वकर्मा क्वालिटी मॉनीटर जिला पंचायत सिवनी शामिल रहे। इस प्रतियोगिता को आयोजन में जनपद पंचायत से केवल प्रसाद परते एवं जनपद शिक्षा केन्द्र के समस्त जन शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## केवलारी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सौगातः पेंचवैली से जिला मुख्यालय मंडला और नागपुर-मंडला ट्रेन से सीधे जुड़ेंगे कई बड़े शहर!

केवलारी/मंडला। लंबे समय से केवलारी की जनता की मांग थी की दिल्ली की कनेक्टिविटी मिले और उसको एक उम्मीद मिली है स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी की पीएमओ कार्यालय में की गई सफल पैरवी के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने मंडला फोर्ट स्टेशन पर 30 जुलाई 2026 तक ट्रेनों की नाइट क्लीनिंग और पानी भरने की व्यवस्था को मंजूरी दे दी है? रेलवे के इस एक फैसले से केवलारी क्षेत्र के रेल यात्रियों की वर्षों पुरानी मांगें पूरी होने की उम्मीद जाग गई है:

### नागपुर-मंडला ट्रेन से केवलारी को सीधा फायदा

नागपुर रेल मंडल द्वारा मंडला फोर्ट में सफाई और पानी की व्यवस्था शुरू करने से अब नागपुर-मंडला नई ट्रेन या पैसेंजर विस्तार का रास्ता साफ हो गया है? चूंकि यह ट्रेन नैनपुर-केवलारी रूट से होकर ही मंडला फोर्ट जाएगी, इसलिए केवलारी क्षेत्र के लोगों को नागपुर (व्यापार और इलाज के बड़े केंद्र) के लिए सीधे अपने क्षेत्र से एक नई और बेहतर ट्रेन सुविधा मिल जाएगी।

### पेंचवैली एक्सप्रेस से अब सीधे मंडला फोर्ट (जिला मुख्यालय) का सफर

अभी तक इंदौर से छिंदवाड़ा-सिवनी-केवलारी होकर नैनपुर जाने वाली पेंचवैली एक्सप्रेस के यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडला जाने के लिए नैनपुर में उतरना पड़ता था। जबकि इसी ट्रेन का खाली रैक रोजाना केवलारी रूट से ही आगे मंडला फोर्ट जाकर खड़ा रहता है? मंडला में नई व्यवस्था लागू होते ही इस ट्रेन का मंडला फोर्ट तक व्यावसायिक विस्तार होना तय है, जिससे केवलारी के यात्रियों को जिला मुख्यालय मंडला जाने के लिए बिना ट्रेन बदले सीधी ट्रेन मिल जाएगी।

### पातालकोट एक्सप्रेस से दिल्ली का रास्ता साफ

वर्तमान में सिवनी तक चल रही पातालकोट एक्सप्रेस को मंडला फोर्ट तक बढ़ाने की मांग को अब मजबूत तकनीकी आधार मिल गया है? जब यह विस्तार होगा, तो यह ट्रेन केवलारी क्षेत्र के यात्रियों को सीधे देश की राजधानी दिल्ली और पंजाब से जोड़ देगी।

सेक्ट कम्प्यूटर एकेडमी
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र. शासन) से सम्बद्ध
शासकीय नौकरियों के लिए एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अनिवार्य
कोर्स फीस किस्तों में भुगतान की सुविधा
DCA 1 वर्षीय डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
PGDCA 1 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
BCA 3 वर्षीय स्नातक डिग्री 6 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
M.SC. (CS) 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री 4 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
LEARN GREAT SKILLS FOR A BETTER CAREER
प्रवेश प्रारंभ
C++ I JAVA | PYTHON / AD-EXCEL | FULL- STACK
एस.पी. बंगलो रोड, बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) संपर्क: 9183500282, 9183505478, 8821090909, 9993465882

प्रवेश प्रारंभ
डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय
College Code – P554 बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) NAAC Accredited
पाठ्यक्रम
B.Sc., B.Com., B.A., M.Sc. (Phy, Chem, Maths), M.Com, B.Ed., D.El.Ed., G.N.M.
नोट
Major, Minor, Vocstion, MDC पर कैरियर गाइडेंस
संपर्क 07692.226635, 9479887990, 9098355136, 9752264388, 8770294939, 7746838590

राधिका टाउन फेस 2
बुकिंग प्रारंभ प्लाट उपलब्ध
ओपनिंग दिनांक 16 जून 2026
80%
ज्यारत नाका जिला-सिवनी
9407055151, 9183655151

### एसडीएम ने की समाज के पर्यावरण जागरूकता की सराहना

## मुस्लिम समाज ने दिया पर्यावरण का संदेश, मुस्लिम धर्मावलंबियों ने लगाया एक पेड़ बुजुर्गों के नाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






आज जिस तरह से पर्यावरण खराब होता जा रहा है, उसकी प्रमुख वजह पेड़ो का लगातार कम होना है, लगातार पेड़ो का काटने से असंतुलित हो रहे पर्यावरण का असर, आम जनजीवन पर भी पड़ रहा है, ऐसे में हर किसी को पर्यावरण जागरूकता के लिए पेड़ो को लगाना जरूरी है। रविवार को शहर के मुस्लिम समाज ने पर्यावरण जागरूकता का परिचय देते हुए एसडीएम गोपाल सोनी की प्रमुख मौजूदगी में एक पेड़ बुजुर्गो के नाम पौधारोपण किया।

वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनीस मेमन ने बताया कि मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल के चेयरमैन शनवीर पटेल के आह्वान पर संपूर्ण मध्यप्रदेश की वक्फ भूमि पर पर्यावरण संरक्षण करो लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत आज शहर के मुस्लिम कब्रिस्तान में वक्फभूमि पर तकरीबन एक सैकड़ा पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित कर जीवित रखने का संकल्प लिया गया। खास बात यह है कि हर एक पौधा, समाज ने लोगों ने अपने बुजुर्गो के नाम से रोपित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद एसडीएम गोपाल सोनी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज की जागरूकता की सराहना की। इस दौरान सदर हाजी फारूक साहब, पूर्व वक्फ बोर्ड जिला कमेटी अध्यक्ष अनीस मेमन, नायब सदर, नईम भाटी, शहर काजी मौलाना हबीब नूरी, युनुस खान पप्पा भाई, इकबाल मंसूरी, रशीद जमा, आलम सर, हाजी मोहसिन, हाजी युनुस, हाजी मंजूर, हाजी फिरोज, वाहिद अल्लाहरखा, कासिब भाई, शिबू भाई, अजहर भाई और सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### गुणवत्ताहीन कार्य और देरी पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

## नाला निर्माण पर बवाल, विधायक अनुभा मुंजारे ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नपा की ओर से पुराने नालों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत लगभग 3 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य हो रहा है। हालांकि, बरसात से ठीक पहले शुरू हुए इन कार्यों की धीमी गति और कथित खराब गुणवत्ता ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

इन शिकायतों के बाद रविवार को विधायक अनुभा मुंजारे ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों से भी चर्चा की और मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

विधायक मुंजारे ने कहा कि नगरपालिका शहर का विकास नहीं, बल्कि विनाश कर रही है। उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं।

नालों की चौड़ाई और गहराई स्वीकृत ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार नहीं है, जिससे भविष्य में जल निकासी की समस्या और गंभीर होने की आशंका है। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री का स्तर भी निम्न पाया गया, जिससे कार्य की मजबूती प्रभावित हो सकती है।

विधायक अनुभा मुंजारे ने जोर देकर कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य से न केवल निर्माण की मजबूती प्रभावित हो रही है, बल्कि शासन की राशि का भी दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने और कार्य में हो रही देरी के लिए ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की।

इस संबंध में, सीएमओ सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि निर्माण कार्य में देरी के लिए ठेकेदार पर पहले ही पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि निर्माण कार्य जल्द पूरा नहीं किया जाता है, तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा।

### 25 किसानों को वितरित किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड

**बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत पाथरी में शनिवार को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 25 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। किसानों को कार्ड में अंकित मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने की सलाह दी गई, जिससे उत्पादन लागत कम हो और फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर इफको के प्रतिनिधि श्री वैदिक आगाले ने किसानों को नैनो उर्वरकों की उपयोगिता, उनके सही उपयोग तथा पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों के संतुलित उपयोग से फसलों की पोषण क्षमता बढ़ती है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

## धारमारा कैंप के पास सड़क पर पेड़ गिरने से लांजी-सालेटेकरी मार्ग अवरुद्ध, एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



धारमारा कैंप के पास सड़क पर पेड़ गिरने से लांजी-सालेटेकरी मार्ग अवरुद्ध, एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

लगातार हो रही बारिश के बीच लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर धारमारा कैंप के समीप एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

घटना की सूचना मिलते ही लांजी के एसडीएम श्री कमल सिंहसार प्रशासनिक टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके निर्देशन में सड़क से पेड़ हटाने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया, ताकि जल्द से जल्द यातायात बहाल किया जा सके।

प्रशासन द्वारा मौके पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पेड़ हटाने का कार्य लगातार जारी है और मार्ग को शीघ्र ही आवागमन के लिए सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि बारिश के दौरान सावधानी बरतें तथा आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें।

## मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना से बदली किसान की सोच, डेयरी व्यवसाय बना आय का भरोसेमंद सहारा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना ग्रामीण किसानों के लिए आर्थिक बदलाव का माध्यम बनती जा रही है। जिले के विकासखंड बिरसा के मरारी टोला निवासी किसान मिथिलेश जामरे इसकी जीवंत मिसाल हैं, जिन्होंने पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक डेयरी व्यवसाय अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ाई है, बल्कि आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणा बन गए हैं।



योजना के तहत हितग्राहियों को अनुदान पर उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली दो मुर्रा भैंसें उपलब्ध कराई जाती हैं। सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिलता है। विशेष बात यह है कि हितग्राही स्वयं हरियाणा जाकर पशुओं का चयन करते हैं, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण नस्ल के पशु मिलते हैं।

इसी क्रम में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला बालाघाट डॉ. अरुण कुमार नेमा ने ग्राम बिरसा (मरारी टोला) पहुंचकर हितग्राही मिथिलेश जामरे के निवास पर गृहभेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत उपलब्ध कराई गई मुर्रा भैंसों का सत्यापन किया तथा वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन, संतुलित पशु आहार, पशु स्वास्थ्य संरक्षण और नस्ल सुधार से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी दी।

मिथिलेश जामरे बताते हैं कि शुरुआत में उनकी इस योजना में कोई विशेष रुचि नहीं थी, लेकिन हरियाणा में आधुनिक डेयरी फार्मों का भ्रमण और वहां की वैज्ञानिक डेयरी प्रणाली को देखने के बाद उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। अब उन्होंने खेती के साथ डेयरी और मत्स्य पालन को अपनी आय का प्रमुख आधार बना लिया है और भविष्य में इस व्यवसाय को और विस्तार देने की तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए पहले से ही पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गेहूं का भूसा संग्रहित कर लिया है, ताकि चारे की कमी का असर उत्पादन पर न पड़े। इसके साथ ही उन्होंने अपनी गायों में सेक्स-सॉर्टेड सीमेन तकनीक का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाली बछिया प्राप्त की है। इस आधुनिक तकनीक से मिले लाभों की जानकारी वे अन्य पशुपालकों को भी दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा मिल रहा है।

वर्तमान में उनकी दोनों मुर्रा भैंसों से प्रतिदिन लगभग 15 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, जिससे उन्हें हर माह करीब 14 हजार रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और डेयरी व्यवसाय के प्रति उनका विश्वास भी बढ़ा है।

भ्रमण के दौरान डॉ. अरुण कुमार नेमा ने क्षेत्र के पशुपालकों से शासन की विभिन्न पशुपालन एवं डेयरी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने, उन्नत नस्ल के पशुओं का पालन करने, कृत्रिम गर्भाधान और सेक्स-सॉर्टेड सीमेन जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना यह साबित कर रही है कि यदि किसान आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करें, तो पारंपरिक खेती के साथ डेयरी व्यवसाय भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकता है।

## बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समय पर क्लेम भुगतान पर कलेक्टर ने दिया जोर

**बालाघाट।** जिले में बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लोगों में बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ृमिशन-2047ः सभी के लिए बीमाृ के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बीमा समिति (डीएलआईसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार, विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जिला स्तरीय बीमा समिति का गठन जिले में जीवन बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वर्ष 2047 तक सभी नागरिकों को बीमा सुरक्षा के दायरे में लाने, बीमा दावों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने तथा बीमा कंपनियों और विभिन्न शासकीय विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लंबित दावों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लेम भुगतान में विलंब के कारण सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें प्राप्त होती हैं, इसलिए पात्र हितग्राहियों को समय पर दावा राशि उपलब्ध कराना सभी संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर ने कृषि, मत्स्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय योजनाओं से जुड़े अधिक से अधिक हितग्राहियों को बीमा योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने किसानों को भी व्यापक स्तर पर बीमा सुरक्षा के दायरे में लाने पर जोर देते हुए कहा कि फसल बीमा के साथ-साथ अन्य बीमा योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुंचाया जाए।

## हरी खाद ढेंचा की खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने की पहल, कृषि विभाग ने किया फसल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**कृषि विभाग द्वारा जिले में प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को हरी खाद के रूप में ढेंचा (ढैंचा) की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में लांजी विकासखंड के ग्राम मोहझरी के कृषक श्री पूरनलाल अवसरे के खेत का कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया।**


कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा श्री अवसरे को हरी खाद के लिए ढेंचा का बीज उपलब्ध कराया गया था। किसान ने इस बीज का उपयोग करते हुए अपने लगभग दो एकड़ क्षेत्र में ढेंचा की बुवाई की। 4 जुलाई को कृषि विस्तार अधिकारी ने खेत का निरीक्षण कर फसल की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ढेंचा की फसल में अच्छी बढ़वार (ग्रोथ) हुई है और पौधे स्वस्थ एवं सघन अवस्था में हैं। अधिकारियों ने इसे हरी खाद की खेती का अच्छा उदाहरण बताते हुए किसान की सराहना की। कृषि विस्तार अधिकारी ने किसान श्री पूरनलाल अवसरे को ढेंचा की फसल से हरी खाद तैयार करने के साथ-साथ ढेंचा बीज उत्पादन करने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि बीज उत्पादन से किसान को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है, वहीं क्षेत्र के अन्य किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण स्थानीय बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि ढेंचा एक उत्कृष्ट हरी खाद फसल है, जिसे खेत में पलटने से मिट्टी में जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इससे भूमि की उर्वरता, जल धारण क्षमता और मिट्टी की संरचना में सुधार होता है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलती है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे हरी खाद की फसलों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में योगदान दें तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का अधिक से अधिक लाभ उठाकर टिकाऊ एवं लाभकारी खेती की ओर कदम बढ़ाएं।

### दीवारों में गहरी दरारें, लगातार रिसाव, हजारों लोगों की जिंदगी हर पल खतरे में

## हादसे का इंतज़ार क्यों? मौत बन चुकी जर्जर पानी की टंकियों पर प्रशासन की खामोशी सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी नगर के बस स्टैंड और मंडई टेकरी स्थित काली मंदिर के समीप खड़ी वर्षों पुरानी पानी की टंकियां अब पेयजल व्यवस्था का आधार नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जिंदगी पर लटकती मौत की तलवार बन चुकी हैं। टंकियों की दीवारों में पड़ी गहरी दरारें, लगातार हो रहा पानी का रिसाव और नीचे दलदल में तब्दील होती जमीन साफ संकेत दे रही है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार विभाग और प्रशासन किस अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जर्जर टंकियों को लेकर कई बार नगर परिषद और प्रशासन के समक्ष शिकायतें की गईं। सर्वे भी हुए, रिपोर्टें भी बनीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन दिए गए। वर्षों से खतरे की घंटी बज रही है, फिर भी न टंकियों को हटाया गया और न ही नई टंकी के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। यदि किसी दिन यह जर्जर ढांचा भरभराकर गिर गया तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उन अधिकारियों पर होगी जिन्होंने समय रहते चेतावनी को नजरअंदाज किया। टंकियों के आसपास घनी आबादी निवास करती है। दिनभर यहां लोगों और बच्चों की आवाजाही रहती है। ऐसे में किसी भी क्षण होने वाला हादसा कई परिवारों की खुशियां उजाड़ सकता है। इसके बावर्जद जिम्मेदारों की चुप्पी लोगों के मन में गहरा आक्रोश पैदा कर रही है।

इन जर्जर टंकियों से लगातार हो रहे रिसाव के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। एक ओर लोग पर्याप्त पेयजल के लिए परेशान हैं, दूसरी ओर प्रशासन की लापरवाही से अमूल्य जल बर्बाद हो रहा है। यह स्थिति न केवल सरकारी संसाधनों की अनदेखी है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ भी है। नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन यदि अब भी नहीं जागा तो किसी बड़े हादसे के बाद जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रहेगा। लोगों ने मांग की है कि जर्जर पानी की टंकियों को तत्काल निष्प्रयोज्य घोषित कर सुरक्षित ढंग से हटाया जाए तथा नई पानी की टंकियों का शीघ्र निर्माण कराया जाए। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह लापरवाही किसी मासूम की जान की कीमत पर भारी पड़ सकती है।

लांजी के पूर्व सरपंच योगेश रामटेककर ने बताया कि नगर के बस स्टैंड और मंडई टेकरी स्थित काली मंदिर के समीप खड़ी लगभग 40 से 45 वर्ष पुरानी पानी की टंकियां अब किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन अब भी आंखें मूंदे बैठा है। टंकी के कॉलम में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, कंक्रीट के टुकड़े लगातार गिर रहे हैं और नीचे दुकानें, मकान तथा दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि यह टंकी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और किसी भी दिन भरभराकर गिर सकती है।

## शास. महाविद्यालय किरनापुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



3 जुलाई 2026 को शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम ) का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण , शैक्षणिक व्यवस्था , नियमों तथा उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. पल्लवी रिनाहिते , महाविद्यालय के अन्य सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया । महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा विभागों के प्राध्यापको ने अपने-अपने विषयों का परिचय दिया।श्री धनेंद्र बंसोड एवं वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. डालेश कुमार विजयवार ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन , नियमित अध्ययन , समय प्रबंधन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक श्री वरेण्य सिरसाटे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में जानकारी दी तथा श्री महेंद्र माटे द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को भी समझाया गया तथा आज के समय में भारतीय ज्ञान परंपरा की उपयोगिता को भी उजागर किया ताकि विद्यार्थी विज्ञान के साथ-साथ भारत देश की परंपरा एवं संस्कृति से भी परिचित हो सके।

इसके उपरांत सुश्री साक्षी बंसोड़ ,सुश्री मान्यता तिवारी एवं श्रीमती गायत्री केकती ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी ,उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना ही NSS का प्रमुख उद्देश्य है ।

अंत में महाविद्यालय के अन्य स्टाफ द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण भी कराया गया जिससे वे विभिन्न विभागों और सुविधाओं से परिचित हो सके ,साथ ही प्राध्यापकों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें अध्ययन के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास ,संचार कौशल ,नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से भी अवगत कराया ।

